रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

स्टार्टअप से विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

जबलपुर 13 मई। आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी की अध्यक्षता में ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में मध्य प्रदेश स्टार्टअप नीति एवं क्रियान्वयन योजना २०२२ का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन वि. वि. के मुख्य सभागार में किया गया। वि. वि. सभागार में ५६८ छात्र छात्राओं ने सहभागिता की एवं पूर्ण उत्साह के साथ कार्यक्रम के उधेश्यों को समझा एवं लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी ने योजना से एंटरप्रेनर, इंडस्ट्री एवं छात्र छात्राओं को होने वाले लाभों को बताया। प्रदेश में १६०० स्टार्टअप ८०० महिलाओं द्वारा संचालित है। लाभान्वित स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान कर प्रोत्साहन प्रदान। हमेशा की तरह माननीय प्रधानमंत्री जी ने योजना का शुभारंभ करते हुए अपने उदबोधन से कार्यक्रम में सहभागियों को स्टार्टअप शुरू करने प्रोत्साहित किया। विभिन्न स्टार्टअप के प्रतिनिधियों से उनके अनुभव शेयर किए।

माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र जी ने मध्य प्रदेश स्टार्टअप नीति एवं क्रियान्वयन योजना २०२२ के संबंध में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शुरू हुई योजना से विद्यार्थियों को अवश्य ही लाभ मिलेगा और प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा।

कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह, प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो धीरेंद्र पाठक, प्रो. रश्मि टंडन, प्रो विवेक मिश्रा, प्रो. दिव्या चंसौरिया, डॉ. लोकेश श्रीवास्तव, डॉ. विशाल बन्ने, डा अजय गुप्ता, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. शैलेश प्रसाद, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. अनुज प्रताप सिंह, डॉ. जावेद सहित शिक्षण विभागों के अतिथि विद्वान एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।